
ट्रेन से यात्रियों को रवाना करते हुए।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मजदूरों के हितों के लिए कार्य करे प्रदेश सरकार

**संवाददाता** देहरादून। श्रम कानून में बदलाव किये जाने के विरोध में पीपुल्स फोरम उत्तराखंड के संयोजक जयकृत कंडवाल का धरना 15वें दिन अपने घर में धरना जारी रखा और कहा कि लगातार इस आंदोलन को जारी रखा जायेगा और वहीं उन्होंने ई मेल के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करते हुए मजदूरों के हितों के लिए कार्य किये जाने की मांग की है। सरस्वती विहार अजबपुर खुर्द स्थित अपने आवास में फोरम के संयोजक जयकृत कंडवाल श्रम कानून में बदलाव के विरोध में 15वें दिन धरने पर रहे।

### एनएसयूआई ने उठाये छात्र छात्राओं को पदोन्नत करने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष मोहन भंडारी ने कहा है कि लगातार महाविद्यालयों में पढ़ रहे छात्र छात्राओं को पदोन्नत करने की मांग की जा रही है। वर्तमान समय में प्रदेश में लगातार कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ती जा रहे हैं, जिसके कारण अभी कॉलेजों का खुलना संभव नहीं है। विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले कई छात्र दुर्गम क्षेत्रों व कई अन्य राज्यों से भी आते हैं, यदि परीक्षा करवाई जाती है तो इससे छात्रों को भी बेवजह संक्रमण का सामना करना पड़ेगा। वहीं उन्होंने एक सेमेस्टर का शुल्क माफ किये जाने की मांग की है।

### बिहार वापसी की मांग को मजदूरों का प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। बिहार वापसी की मांग को लेकर प्रदेश की स्थाई राजधानी में सैकड़ों मजूदरों ने प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज किया और कहा कि लगातार उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है जिसे किसी भी दशा में सहन नहीं किया जायेगा। उनका कहना है कि उनके जाने की व्यवस्था की जाये। काफी देर तक हंगामा करने के बाद पुलिस के समझाने पर मजदूर शांत हुए और उनके रहने की व्यवस्था डीबीएस पीजी कालेज में की गई है और आश्वासन दिया जैसे ही व्यवस्था हो जायेगी तो उन्हें बिहार रवाना कर दिया जायेगा।

### आइएमए ब्लड बैंक को सौंपे मॉस्क एवं सेनिटाइजर

**संवाददाता** देहरादून। असहाय जन कल्याण सेवा समिति ने कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण से बचाव हेतु आई एम ए ब्लड बैंक एवं गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा को मॉस्क एवं सेनिटाइजर सौंप कर सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने संस्था को धन्यवाद दिया। बेरोजगार महिलाओं को मॉस्क बनाने का कार्य देकर संकट की इस घड़ी में उन्हें रोजगार देने का काम कर उनकी आर्थिक सहायता भी कर रही है।

## सोनिया गांधी पर दर्ज मुकदमें की वापसी को धरना

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं पर झूठे मुकदमे कायम कर लगातार उत्पीड़न करने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुकदमें की वापस को केन्द्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर धरना दिया। राजपुर रोड़ स्थित प्रदेश कॉंग्रेस मुख्यालय पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह व अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामकुमार वालिया के नेतृत्व में सोशल डिस्टेंसिन्ग का पालन करते हुए धरने पर बैठे।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर कांग्रेस के नेताओं एवं किसानों का किया जा रहा उत्पीड़न एवं केंद्र ओर प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर किसानों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का उत्पीड़न किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर प्रीतम सिंह ने कहा कि जिस प्रकार केंद्र सरकार एवँ प्रदेश सरकार किसानों का उत्पीड़न तथा उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है उससे स्पस्ट हो गया है कि सरकार पूर्ण रूप से किसान एवँ मजदूर विरोधी है। उन्होंने कहा कि सरकार में यदि जरा सी भी इंसानियत बची है तो तत्काल किसानों की ओर ध्यान दे उनके बिजली के बिल एवँ पूर्ण कर्ज माफ करें तथा उन्हें आर्थिक पैकेज भी तत्काल दे। इस अवसर पर अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया।

# कोरोना से निपटने के लिए सरकार की कोई तैयारी नहीं

**आरोप**

राज्य के प्रवासियों के लिए नहीं है कोई व्यवस्था | कई मजदूर पैदल ही अपने घरों को जा रहे है

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह ने कहा है कि क्वारेंटाइन सेंटरों में अव्यवस्थाओं का आलम है और राज्य सरकार ने कोरोना वायरस कोविड 19 से निपटने के लिए कोई तैयारी नहीं की है और वहीं राज्य सराकर की ओर से राज्य के प्रवासियों के लिए कोई व्यवस्था नहीं की है।



कांग्रेस भवन में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा है कि वर्तमान में कोरोना महामारी के कारण प्रदेश में प्रवासियों का आगमन हो रहा है वंही बाहरी प्रदेशों के मजदूर अपने प्रदेशो को जा रहे है, उक्त व्यवस्था में कई खामियां है और कई मजदूर पैदल ही अपने घरों को जा रहे है। यह चिंता का विषय है और सरकार की विफलता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बिना किसी तैयारी के जल्दबाजी में लॉकडाउन की घोषणा की गयी।

कांग्रेस संगठन द्वारा कल 28 मई को शोषण मीडिया के माध्यम से उक्त विषय पर कैम्पेन चलाकर सरकार से उत्तराखंड में आये प्रवासियों के खाते में 10 हजार रुपये डालने, मनरेगा के दिनों की संख्या बढ़ाये जाने व प्रवासियों को मुफ्त खाद्यान उपलब्ध कराये जाने की मांग की जायेगी। उत्तराखंड सरकार द्वारा क्वारेंन्टीन सेंटरों को ग्राम प्रधानों के भरोसे छोड़ा गया है, और उक्त सेन्टरों में कई अव्यवस्थाएं है, उन्होंने कहा कि बेतालघाट क्वारेन्टीन सेंटर में सांप के काटने से एक बच्ची की मौत हो गयी जिसकी मौत की जिम्मेदारी किसी कर्मचारी की नही बल्कि प्रदेश सरकार की है और बच्ची के परिजनों को मुआवजा दिया जाना चाहिए और क्वारेंटीन सेन्टरों में खाने पीने व शौचालय की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि एक पुलिस कर्मी द्वारा क्वारेन्टीन सेंटर में महिला के साथ छेड़छाड़ की गयी, महाराणा प्रताप क्वारेंटीन सेंटर में कई अव्यवस्थाएं है,राज्य सरकार सही व्यवस्था देने में नाकाम रही है,महामारी से लड़ने में विफल साबित हुई है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनको मुआवजा देने में नाकाम रही है जबकि 2013 आपदा के समय तत्कालीन सरकार द्वारा परिवहन में लगी गाड़ियों का दो वर्ष का टैक्स माफ् किया गया, आज की परिस्थिति में भी इन्हें उचित मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को सोचने की आवश्यकता है और देवस्थानम बोर्ड का गठन तो कर दिया है लेकिन तीर्थ पुरोहितों हक हकूकों के लिए कोई प्रबंध नहीं किये गये है और चार धाम यात्रा से प्रभावित हुए लोगों जिनकी आजीविका इस यात्रा से चलती थी के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। यह सब चिंता का विषय है। इस अवसर पर अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## टिड्डी प्रकोप से बचने के लिए कृषि विभाग ने जारी की एडवाईजरी

**एडवाईजरी**

■ रसायनों के छिड़काव करने से फसल का बचाव किया जा सकता

देहरादून। **संवाददाता**

कृषि मंत्री उत्तराखण्ड सरकार सुबोध उनियाल द्वारा भारत के राजस्थान और उत्तरप्रदेश में ईरान–पाकिस्तान से आये टिड्डी दल के चलते उत्तराखण्ड में भी यदि किसी भी प्रकार से इनका प्रकोप होता है तो उस स्थिति से निपटने के लिए उन्होंने मीडिया के माध्यम से किसानों के लिए प्रदेश सरकार और कृषि विभाग की ओर से सामान्य एडवाईजरी जारी की गयी।

**हर तरह का सहयोग करेंगे प्रदान**

कृषि मंत्री ने कहा कि जिन देशों में टिड्डी दल का प्रकोप देखा गया है वहां बहुत बड़ी मात्रा में फसलों को नुकसान हुआ और लोगों को भूखमरी तक का सामना करना पड़ा है। मंत्री ने उत्तराखण्ड के किसानों से आग्रह किया है कि वे अपनी ओर से उपरोक्त प्रयासों के साथ ही टिड्डी दल का यदि कहीं प्रकोप दिखाई देता है, इसकी सूचना तत्काल कृषि विभाग के जनपदीय, विकासखण्ड स्तर और न्याय पंचायत स्तर के अधिकारियों और कार्मिकों के संज्ञान में लायें। सरकार और कृषि विभाग अपनी ओर से हर तरह का सहयोग प्रदान करेगी।

कृषि मंत्री ने मीडिया को ब्रीफ करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में टिड्डी दल ईरान–पाकिस्तान होते हुए भारत के राजस्थान और उत्तरप्रदेश के कन्नौज तक आ पंहुचा है तथा यह टिड्डी दल कई लाखों–करोड़ो की संख्या में झुण्ड में चलता है और हवा के चलने की दिशा में हजारों किमी की दूरी तय करता है। ऐसी स्थिति में यदि किसी भी प्रकार से कहीं इस टिड्डी दल का प्रकोप उत्तराखण्ड के किसी भी जनपद में दिखायी देता है तो इसके लिए किसानों के द्वारा अपनी ओर से भी इसके प्रकोप से फसल को बचाने के सामान्य उपाय किये जा सकते हैं। टिड्डी दल से फसल को बचाने के लिए धुआं जलाना, डब्बे–थाली बजाना, अथवा किसी भी तरह से आवाज लगाना तथा इसके अतिरिक्त सीमित व संतुलित मात्रा से कुछ रसायनों के छिड़काव करने से फसल का बचाव किया जा सकता हैं।

उन्होंने कहा टिड्डी दल दिन में खेतों में तिलहन–दलहन और विभिन्न प्रकार की खाद्यान फसल को चौपट कर देता है तथा रात को जमीन पर तथा पेड़ों पर रहता है साथ ही मादा टिड्डी बड़ी संख्या में अण्डे देकर तेजी से इसकी संख्या में इजाफा कर देती है।

## सभी प्रकार के राशन कार्ड बनाये डीएसओः राजकुमार

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने प्रदेश के खाद्य सचिव को ज्ञापन प्रेषित कर सभी प्रकार के राशन कार्ड बनाये जाने की मांग की है और राशन कार्ड न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यहां जारी एक बयान में पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा है कि कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के चलते गरीब व समान्य वर्ग के लोगों के राशन कार्ड नहीं बन पा रहे हैं, इससे उन्हें बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है इसे शीघ्र शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि लोग डी.एस.ओ कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, परन्तु उनका राशन कार्ड नहीं बन रहा है। उन्होंने कहा कि डीएसओ कार्यालय से कहा जा रहा है कि क्षेत्रीय दुकान में अपने राशन कार्ड के फार्म जमा करें। उन्होंने कहा कि परन्तु दुकानदार उन फार्म को जमा नहीं कर रहे हैं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+

Scan This Code

Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।